आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 शनिवार 08.06.2024

<u>मुख्य समाचारः–</u>

1– एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे–शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सात बजकर पंद्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में होगा।

2– मानसून ने छत्तीसगढ़ में दस्तक दी–इस साल तय समय से पहले पहुंचा है मानसून।

3– दुर्ग जिले के तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही एक बस के आज उत्तरप्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत।

3– रायपुर जिले के आरंग में कथित मॉब लिंचिंग की घटना में दो युवकों की मौत के मामले की जांच के लिए चौदह सदस्यीय विशेष टीम बनाई गई।

<u>नरेन्द्र मोदी–प्रधानमंत्री शपथ</u>

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए संसदीय दल के नेता नरेन्द्र मोदी कल तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह कल शाम सात बजकर पंद्रह मिनट पर राष्ट्रपति भवन में शुरू होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्र सरकार के नये मंत्रिमंडल के सदस्य भी पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह का सीधा प्रसारण आकाशवाणी केन्द्रों से किया जाएगा। इस वजह से आकाशवाणी केन्द्र, रायपुर से कल शाम छह बजकर पैंतालीस मिनट पर प्रसारित होने वाले प्रादेशिक हिन्दी समाचार बुलेटिन का प्रसारण रात आठ बजकर तीस मिनट से आठ बजकर पैंतालीस मिनट के बीच किया जाएगा।

<u>शपथ ग्रहण–आमंत्रण</u>

कल प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह के अवसर पर भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के नेता विशिष्ट अतिथि के रूप में इस समारोह में भाग लेंगे। इसके अलावा अनेक विशिष्टजनों को भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इनमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में कार्यरत् सहायक लोको पायलट स्नेह सिंह बघेल भी शामिल हैं। श्री बघेल को यह निमंत्रण वंदेभारत ट्रेन टीम के एक प्रमुख सदस्य के रूप में अनुकरणीय सेवाएं देने के लिए भेजा गया है।

गौरतलब है कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल के अंतर्गत गोंदिया लॉबी में कार्यरत् स्नेह सिंह बघेल मिशन कर्मयोगी के तहत प्रशिक्षण प्राप्त रेलकर्मी हैं। वे ग्यारह दिसंबर दो हजार बाईस को शुरू हुई बिलासपुर–नागपुर वंदेभारत एक्सप्रेस के चालक दल में शामिल थे।

<u>मानसून–दस्तक</u>

दक्षिण–पश्चिम मानसून ने आज प्रदेश के सुकमा जिले में दस्तक दे दी है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि इस साल मानसून अपने तय समय से पहले छत्तीसगढ़ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि यह पहला मौका है जब मानसून ने सबसे पहले सुकमा जिले में प्रवेश किया है। आमतौर पर मानसून बस्तर के रास्ते छत्तीसगढ़ में प्रवेश करता है।

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, कुछ स्थानों पर

अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक बस्तर संभाग के सभी जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है।

इस बीच, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही जिले के साप्ताहिक बाजार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग झुलस गए हैं।

आरक्षण प्रावधान–समिति

राज्य सरकार ने आरक्षण प्रावधानों को लेकर कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। इस समिति में गोमती साय, गुरु खुशवंत साहेब, गजेंद्र यादव नीलकंठ टेकाम, कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा को भी शामिल गया है। वहीं, सामान्य प्रशासन और आदिम जाति विभाग के सचिव भी इस समिति का हिस्सा होंगे। समिति दो साल के भीतर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

इस बारे में मीडिया से बात करते हुए मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि आरक्षण, पदोन्नति जैसे विषय उपेक्षित पड़े हुए थे। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने एक समिति का गठन किया है।

वित्त विभाग–वाहन किराया आदेश

वित्त विभाग ने राज्य सरकार के सभी विभागों, निगम, मंडल और उपक्रम निकाय में वाहन किराए पर लेने की व्यवस्था पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। वित्त विभाग ने वाहन किराए पर लेने को लेकर करीब बाईस शर्तें लागू की हैं, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि किस स्तर के अधिकारी को किस किस्म के वाहन को किराए पर लेने की पात्रता होगी और उसका किराया क्या होगा। इस संबंध में वित्त विभाग के सचिव मुकेश बंसल ने आदेश जारी कर दिए हैं।

माओवादी मुठभेड़

बस्तर संभाग के नारायणपुर–दंतेवाड़ा–कोंडागांव जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में छह वर्दीधारी माओवादी मारे गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुंगेड़ी और गोबेल क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और आईटीबीपी के जवानों के साथ कल हुई मुठभेड़ में ये माओवादी मारे गए हैं। वहीं, डीआरजी के तीन जवान भी घायल हुए हैं, जिनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है। घटनास्थल से मारे गए सभी माओवादियों के शव के अलावा हथियार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दावा किया है कि इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में माओवादी घायल हुए हैं। क्षेत्र में सुरक्षा बलों का सर्चिंग अभियान जारी है।

दुर्घटना

दुर्ग जिले के तीर्थयात्रियों को लेकर आ रही एक बस के आज उत्तरप्रदेश में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं, करीब चालीस यात्री घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के करीब पैंसठ लोग वैष्णोदेवी दर्शन के लिए गए थे और जब वे वापस लौट रहे थे, तो उनकी बस आज तड़के अनियंत्रित होकर आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर फिरोजाबाद जिले में पलट गई। घटना में घायल लोगों को शिकोहाबाद अस्पताल और फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस घटना पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने बताया कि इस बारे में
फिरोजाबाद जिला प्रशासन से बात कर डॉक्टरों को घायलों की उचित देखभाल करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री–स्वेच्छानुदान राशि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बाहपानी सड़क दुर्घटना और पिरदा में बारूद फैक्ट्री विस्फोट में मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों सहित इंक्यावन प्रभावितों को स्वेच्छानुदान से एक करोड़ इंक्यावन लाख रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। इनमें से अट्ठाईस मृतकों के परिजनों को पांच–पांच लाख रूपए तथा तेईस घायलों को पचास–पचास हजार रूपए की सहायता राशि दी गई है।

गौरतलब है कि बीते बीस मई को कबीरधाम जिले के बाहपानी गांव में हुई सड़क दुर्घटना में उन्नीस लोग मारे गए थे। वहीं, सोलह अन्य लोग घायल हुए थे। इसी तरह, बीते पच्चीस मई को बेमेतरा जिले के ग्राम पिरदा में एक बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और आठ अन्य श्रमिक लापता हैं। इस हादसे में सात लोग घायल भी हुए थे।

मुख्यमंत्री–ट्रायबल यूथ हॉस्टल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली के द्वारका स्थित ट्राइबल यूथ हॉस्टल का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने हॉस्टल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और छात्रों से बातचीत कर उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हॉस्टल में छात्रों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की कमी को तत्काल दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने हॉस्टल की सफाई, सुरक्षा और खानपान की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यूथ हॉस्टल में पचास सीटों को बढ़ाकर दो सौ सीट करने की योजना है। इसका प्रावधान बजट में किया गया है।

परसा खदान–पौधारोपण

सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील में परसा ईस्ट कांता बासन खदान परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पच्चीस हजार पौधे लगाए गए। साथ ही पैदल मार्च निकालकर लोगों को पर्यावरण की रक्षा करने का संदेश दिया गया। अदाणी नेचुरल रिसोर्सेज ने क्षेत्र में वर्ष दो हजार तीस तक छियासी लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इस इलाके में ऐसी भूमि जहां से कोयला निकाला जा चुका है, वहां पिछले दस वर्षों के दौरान साढ़े ग्यारह लाख से अधिक पौधे लगाए चुके हैं, जिनमें से बयासी हजार पौधे साल वृक्ष के हैं।

हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन

कल रविवार को ''हल्बी'' और ''गोण्डी'' बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कांकेर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

– प्रदेश में कोष, लेखा और पेंशन संचालनालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सत्र का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है।

– प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने कस्टम मिलिंग घोटाले को लेकर आज राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और डोंगरगढ़ राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल के घर पर छापा मारा।

– राजधानी रायपुर के पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर में स्थित रोजगार कार्यालय में कल सुबह ग्यारह से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प के माध्यम से पचहत्तर से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

– वहीं, कोंडागांव के लाईवलीहुड कॉलेज में भी ग्यारह जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेटमेंट कैम्प में एक हजार दो सौ बीस पदों पर भर्ती होगी।

– बलरामपुर जिले में बजरंग दल के संयोजक सुजीत स्वर्णकार और एक युवती की हत्या की जांच एसआईटी करेगी।

– दुर्ग जिले के अंजोरा–थनौद मार्ग पर आज सुबह ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार एक बालिका की मौत हो गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने मार्ग पर कुछ देर तक चक्काजाम किया।

– रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र में सत्ताईस और राबो डेम के पास सात हाथियों का दल विचरण करते देखा गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>